# 60 डिग्री तापमान पर फैक्ट्री में काम करने वाले बॉयलर ऑपरेटर की मौत

## भीषण गर्मी में काम कर रहा था युवक, हॉस्पिटल में लाश छोड़कर भागे साथी

**जयपुर** (कासं)। सीतापुरा स्थित बजरंग हैंडीक्राफ्ट एंड ट्रेडर्स फैक्ट्री में बॉयलर ऑपरेटर की तबीयत बिगड़ने से मौत होने का मामला सामने आया है। करीब 60 डिग्री सेल्सियस तापमान में काम करते के चलते उसकी तबीयत खराब हुई थी। हॉस्पिटल में मौत होने का पता चलने पर साथी लाश छोड़कर भाग निकले। शिवदासपुरा पुलिस ने रविवार दोपहर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता की शिकायत पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक दुर्गेश राज सिंह (40) पुत्र प्रताप सिंह विधाणी निवासी पीपलदा (कोटा) का रहने वाला था। वह

- **सीतापुरा स्थित बजरंग हैंडीक्राफ्ट एंड ट्रेडर्स फैक्ट्री में कार्यरत था मृतक**

सीतापुरा रामचंद्रपुरा स्थित बजरंग हैंडीक्राफ्ट एंड ट्रेडर्स में बॉयलर ऑपरेटर था। वह पिछले काफी समय से पत्नी-बच्चों के साथ यहां किराए से रहता था। गत 25 मई को सुबह वह फैक्ट्री में काम करने गया था। दोपहर करीब 3 बजे पत्नी ने उसे कॉल किया तो दूसरे व्यक्ति ने फोन उठाया और दुर्गेश की तबीयत खराब होने की बात कही। ज्यादा तबीयत खराब होने पर फैक्ट्री में मौजूद साथी दुर्गेश को पास ही स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर्स ने दुर्गेश को महात्मा गांधी हॉस्पिटल भेज दिया। महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हॉस्पिटल ने शिवदासपुरा थाना पुलिस को सूचना दी और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्यूरी में रखवाया।

मृतक के पिता प्रताप सिंह ने लापरवाही के कारण बेटे की मौत का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। प्रताप सिंह का कहना है कि बेटे दुर्गेश की फैक्ट्री में तबीयत खराब होने का पता चलने पर कई बार कॉल किया। कॉल उठाने वाले से पूछने पर वह बातों को घुमाते रहे। इलाज के लिए कौन-से हॉस्पिटल ले गए है, कहां आना है ये तक नहीं बताया। बात करने से कतराने के साथ ही बेटे की जानकारी देने के बजाय अपने-अपने मोबाइल बंद कर लिए।

प्रताप सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचने पर बेटे की लाश मिली, लेकिन वहां पर कोई मौजूद नहीं था। मौत होने का पता चलने पर फैक्ट्री के लोग बेटे की लाश को भी हॉस्पिटल में छोड़कर भाग निकले। पिछले काफी सालों से बेटा दुर्गेश फैक्ट्री में बॉयलर ऑपरेटर का काम कर रहा था। करीब 60 डिग्री सेल्सियस तापमान में बॉयलर पर काम करते से उसकी तबीयत बिगड़ी। तबीयत खराब होने के बाद भी उसे तुरंत हॉस्पिटल नहीं पहुंचाया गया। बिना सेफ्टी के बॉयलर पर काम करवाया, लेकिन इलाज करवाने हॉस्पिटल लेकर नहीं पहुंचे।

# पत्थरगढ़ी के विरोध में जुटे ग्रामीण

## सांगानेर में खेड़ी गोकुलपुरा स्थित ब्रह्मपुरी की ढाणी का मामला



सांगानेर इलाके की ग्राम पंचायत खेड़ी गोकुलपुरा के ग्वार ब्रह्मणान गांव की ब्रह्मपुरी की ढाणी में विवादास्पद जमीन पर की जा रही पत्थरगढ़ी का ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध किया।

**जयपुर** । सांगानेर इलाके की ग्राम पंचायत खेड़ी गोकुलपुरा के ग्वार ब्रह्मणान गांव की ब्रह्मपुरी की ढाणी में एक विवादास्पद जमीन पर की जा रही पत्थरगढ़ी का ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध किया। ग्रामीण जगदीश नारायण शर्मा ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन नं-14 में स्थित 40 घरों वाले इस छोटे से गांव में आने-जाने के लिए खसरा नं.-633, 643 से होकर गुजरता है। इस रास्ते का खसरा जे.डी.ए. के नाम इंद्राज हो चुका है। इस ढाणी में सरकारी स्कूल व एक प्राचीन मंदिर भी है। ग्रामीणों व बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए यही एक मात्र आम रास्ता है। इसके बावजूद भूमाफिया इस रास्ते पर कब्जा करने में जुटे हैं।

जगदीश नारायण शर्मा का आरोप है कि नितिन चौहान नाम के रसूखदार व्यक्ति ने जेडीए के अधिकार क्षेत्र के इस रास्ते पर कब्जा लिया है। जेडीए के अधिकारियों को अतिक्रमण की बार-बार शिकायत की, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां तक की बगरू विधानसभा क्षेत्र की तत्कालीन विधायक गंगादेवी ने भी उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया था। हताश होकर आसपास के खेतों के मालिकों से आग्रह पर अस्थाई रास्ता लेना पड़ा है।

उधर, नितिन चौहान ने जेडीए की भूमि पर अतिक्रमण के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि नक्शे में यह जमीन मेरी मां के नाम से है।

- **ग्रामीणों का आरोप है खसरा नंबर 633 व 643 की जमीन से आम रास्ता गुजरता है, जो कि जयपुर विकास प्राधिकरण के नाम पर इंद्राज है, इसके बावजूद कुछ लोग इस जमीन पर कब्जा करने की कोशिशों में जुटे हैं।**

वहीं भूमि की निशानदेही के लिए पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे सांगानेर तहसीलदार अरविंद कविया ने बताया कि भू-अभिलेख निरीक्षक शिकारपुरा व पटवारी हल्का खेड़ी गोकुलपुरा की तकनीकी टीम से डीजीपीएस मशीन के द्वारा सीमा चिन्हिकरण का कार्य करवाया गया। भू-प्रबंध विभाग व राजस्व विभाग की टीम ने सीमा चिन्हिकरण के आधार पर खूंटियां लगाकर वादीगण को पाबंद किया गया कि वे चिन्हित जगह पर तारबंदी या अन्य किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं करें। उन्होंने बताया कि अदालत के आदेश पर यह पत्थरगढ़ी का काम किया जा रहा है।

नक्शा बदलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई गड़बड़ी लगती है तो अदालत जाना चाहिए और अगर अदालत का आदेश आता है उसके हिसाब से चिह्नीकरण कर दिया जायेगा।

## ट्रैक्टर के रोलर में फंसने से महिला का सिर धड़ से अलग हुआ

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर इलाके में टैंकर से पानी भरने गई महिला की चुनरी ट्रैक्टर के रोलर में फंस गई। इससे महिला का सिर धड़ से अलग हो गया। महिला के शरीर के दो टुकड़े हो गए। दिल दहलाने वाली यह घटना जयसिंहपुरा खोर इलाके में नाई की थड़ी के समीर गार्डन के पास की सोमवार दोपहर 12.30 बजे की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। यहां ट्रैक्टर के नीचे महिला के शरीर के दो हिस्से मिले। महिला की पहचान सांझा (50) पत्नी अब्दुल रफीक के रूप में हुई। महिला इसी कॉलोनी की रहने वाली थी।

जांच में सामने आया कि टैंकर कॉलोनी में पानी सप्लाई कर रहा था। पानी सप्लाई करने के लिए ट्रैक्टर ड्राइवर ने रोलर लगाकर मोटर चलाई थी। इसी दौरान महिला सांझा आई। टैंकर से पानी भरने लगे। पानी भरकर जैसे ही निकली। चुनरी घूमती हुई रोलर में जा फंसी। इससे महिला की गर्दन चुन्नी में फंसती हुई रोलर तक चली गई। चुनरी गले पर इतनी ज्यादा कसी की गर्दन के दो टुकड़े हो गए। महिला को रोलर में फंसा देखकर लोगों ने शोर मचाया। ड्राइवर ने ट्रैक्टर को बंद किया और फरार हो गया। महिला के पति अब्दुल रफीक ने कहा कि सांझा पानी भरने के लिए टैंकर के पास गई थी। मैंने उसे कहा भी था कि मैं भर लाता हूं, लेकिन वह खुद मटकी लेकर गई।

# 'नौतपा' के तीसरे दिन जयपुर में पारा 46.4 डिग्री

## दिन-रात लू और आसमां से बरस रही तेज धूप ने सड़कों पर लगाया गर्मी का कर्फ्यू

**जयपुर** (कासं)। "नौतपा" शुरू होने के बाद राजस्थान में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। राजधानी जयपुर का तापमान 47 डिग्री पहुंच गया है। दिन-रात लू और आसमान से बरस रही तेज धूप ने गर्मी का कर्फ्यू सा लगा दिया है। नौतपा के तीसरे दिन सोमवार को भी प्रदेशभर में आसमान से आग बरसी।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन तीव्र हीटवेव और ऊष्णरात्रि का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 16 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंगलवार को 10 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट रहेगा। साथ ही 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लू चलने की संभावना है।

- **मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन तीव्र हीटवेव और ऊष्णरात्रि का दौर जारी रहेगा। इसके साथ ही 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लू चलने की संभावना है।**

राजधानी की सड़कों पर जहां नगर निगम प्रशासन स्मोक गन से पानी की बौछारें कर रहा है। वहीं पर्यटकों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए हवामहल स्मारक में सोमवार को दिनभर पानी का छिड़काव किया गया। पर्यटकों के पीने के लिए ठंडे पानी के कैंपर भी भरवाकर रखे गए।

तेज धूप के कारण हालात ऐसे हैं कि जयपुर की सड़कों पर सवेरे से ही "मृग मारीचिका" दिखाई देने लगी है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण शहर की सड़कों पर आवाजाही भी कम होने लगी है। आवश्यक होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा ऐसे पसरा रहता है, जैसे कर्फ्यू लगा हो।



पर्यटकों को भीषण गर्मी में राहत देने के लिए जयपुर के हवामहल स्मारक में सोमवार को दिनभर पानी का छिड़काव किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

मौसम विभाग ने राजस्थान में अगले 2-3 दिन तक तीव्र हीटवेव जारी रहने की संभावना है। हालांकि 29 मई से प्रदेश के कुछ इलाकों में दिन के तापमान में दो-तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। वहीं जून के प्रथम सप्ताह में ज्यादातर भागों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास दर्ज होने के आसार हैं। अगले तीन दिन के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। भीषण लू के दौर के चलते मौसम केंद्र ने आज और कल 16 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर, पाली, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, बाड़मेर, सीकर, सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, धौलपुर, दौसा, भरतपुर और अलवर जिले में दो दिन लू और भीषण गर्मी का दौर जारी रहने की चेतावनी जारी दी गई है। जयपुर समेत शेष जिलों में गर्मी को लेकर दो दिन ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को फलौदी में पारा 49.4, बाड़मेर में 49.3, जैसलमेर में 48.7, पिलानी में 48.5, श्रीगंगानगर में 48.3, कोटा व बीकानेर में 48.2, चूरू में 48, पाली में 47.7, जोधपुर में 47.4, भीलवाड़ा में 47.2, चित्तौड़गढ़ में 47, जयपुर में 46.4, अजमेर में 46.3, अलवर में 46.2, सीकर व उदयपुर में 45.5 और माउंट आबू में 35.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ है।

## क्षेमा की फसल बीमा योजना 20 राज्यों में

**जयपुर**, (का.सं.)। क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज अपने प्रमुख फसल बीमा उत्पाद सुकृति के साथ-साथ प्रकृति को भारत के 20 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध कराने की घोषणा की। अब, भारत की जीडीपी में लगभग 15 फीसदी योगदान देने वाले किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं क्योंकि मानसून के आगमन के साथ ही खरीफ की बुवाई का महत्वपूर्ण समय आरंभ होता है।

क्षेमा सुकृति की विस्तृत पहुंच किसानों और उनके परिवार के उन सदस्यों के लिए एक वरदान है, जिनकी बीमायोग्य आय होती है। वे मुफ्त में पंजीकरण कर सकते हैं और केवल 499 रुपये प्रति एकड़ की दर से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान क्षेमा ऐप पर लॉग-इन करके सुकृति को कुछ आसान स्टेप्स में खरीद सकते हैं, जो भारत का पहला और एकमात्र स्वनिर्धारित फसल बीमा उत्पाद है। सुकृति किसानों को नौ जोखिमों में से एक मुख्य और एक सहायक परिस्थिति का चयन करने का विकल्प देती है।

## सार-समाचार

### सुयश गोदरेज गैलेरी का शुभारंभ



**जयपुर** । सुयश गोदरेज गैलेरी का महल रोड, जगतपुरा में फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि गोदरेज इंटेरिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट व मार्केटिंग सैल्स हैड (बीटूसी) डॉ. देवनारायण सरकार और सरस निकुंज जयपुर के श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज थे। इस मौके पर एसजी ग्रुप के निदेशक गिरिराज प्रसाद सोमानी, आशीष सोमानी और ऋषभ माहेश्वरी भी उपस्थित थे। अलबेली माधुरीशरण महाराज ने फीता काटकर गोदरेज गैलेरी का भव्य शुभारंभ किया। सुशय गोदरेज गैलेरी करीब 7 हजार वर्गफुट एरिया में फैला हुआ है। इसमें स्टाइलिश घरेलू फर्नीचर की विस्तृत रैंज ग्राहकों को मिलेगी। जगतपुरा महल रोड पर स्थित इस गैलेरी में ग्राहकों को बैडरूम, लिविंग रूम, डायनिंग एरिया के लिए स्टाइलिश फर्नीचर, ऑफिस फर्नीचर, किड्स फर्नीचर और मैट्रेस व फर्निर्शिंग एसेसिरीज मिलेगी। यहां फर्नीचर की ऐसी रैंज मौजूद है, जो समय की समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत को भी अपने में समाहित करती है।

### ज्वैलर्स एसोसिएशन के चुनाव संपन्न




**जयपुर** । ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के चुनाव सोमवार को संपन्न हुए हैं। इसमें आलोक सौंखिया को अध्यक्ष, राजू अग्रवाल मंगोडीवाला को उपाध्यक्ष, नीरज लुणावत को मानद मंत्री, गोविंद प्रकाश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और अजय गोधा को संयुक्त मंत्री चुना गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी एस.आर.शर्मा ने बताया कि चुनाव व मतदान शांतिपूर्ण हुए। कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सांड, अनिल बंब, अनिल ताम्बी, अशोक माहेश्वरी, गोविंद कुमार गुप्ता, महावीर कुमार डागा, पंकज सौंखिया, प्रकाश कुमार वैद, सुनील नाहर और विष्णु अवतार मेठी चुने गए हैं।

### गुमशुदा युवक की तलाश में जुटी पुलिस



**जयपुर** । चांदपोल बाजार की हाजी कॉलोनी में चूड़ी बनाने का काम करने वाला बिहारी निवासी 20 वर्षीय युवक 23 अप्रैल से लापता है। युवक की तलाश में संजय सर्किल थाना पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि 23 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दी गई कि मोहम्मद रहीस (20) निवासी गांव चक हैदर, समस्तीपुर (बिहार) लापता हो गया। वह चांदपोल बाजार की हाजी कॉलोनी स्थित मकान नंबर 58 में चूड़ी बनाने का काम करता था। वह 16 अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजे बिना बताए कहीं चला गया, लेकिन वापस लौटकर नहीं आया। पुलिस युवक के हुलिए के आधार पर उसकी तलाश में जुटी है।

### मृतक के परिजनों की तलाश



**जयपुर** । संजय सर्किल थाना पुलिस अज्ञात युवक के परिजनों की तलाश में जुटी है। 22 मई को चांदपोल अनाज मंडी में कुरैशी पार्ट्स के पास एक 30 वर्षीय युवक अचेत पड़ा मिला, जिसे कांस्टेबल सुनील ने सुबह 9:36 बजे सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। करीब 5 मिनट बाद कंपाउन्डर मुकेश योगी ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की तस्वीर चांदपोल अनाज मंडी, सब्जी मंडी, खेतड़ी हाऊस, झोटवाड़ा रोड और सीकर हाऊस के आसपास रहने वाले लोगों को दिखाई, लेकिन किसी ने भी युवक की पहचान नहीं की।

### 16 हजार लीटर खाद्य तेल सीज

**जयपुर** । प्रदेश में मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के नेतृत्व में सोमवार को जयपुर में सरना डूंगर स्थित एक फर्म पर कार्रवाई कर करीब 16 हजार लीटर खाद्य तेज सीज किया गया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि फर्म एसएमवी सोल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लगभग 3500 लीटर सरसों तेल और 12 हजार 400 लीटर मूंगफली तेल अमानक खाद्य श्रेणी का होने के संदेह के आधार पर सीज किया। यहां ऑयल की रिपैकिंग की एनओसी भी मौके पर नहीं पाई गई और अन्य कई कमियां पाई गईं। एक ही परिसर में एक ही तेल की अलग-अलग ब्रांड के नाम से पैकिंग पाई गई। श्याम धेनु, कृष्णम, कार्तिक, एसएमवी गोल्ड आदि अनेक नामों से तेल पैक होता हुआ मिला।

# 2 फर्जी ड्रग्स इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**जयपुर** । राजधानी की गलता गेट थाना पुलिस ने ड्रग्स इंस्पेक्टर बनकर लोगों से वसूली करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मेडिकल शॉप पर कार्रवाई करने की धमकी देकर संचालकों को धमकाते थे। कार्रवाई नहीं कर छोड़ने के बदले रुपए वसूल लेते थे। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी ने बताया कि फर्जी ड्रग्स इंस्पेक्टर चेतन शर्मा (24) और अरुण शर्मा उर्फ सुनील शर्मा (30) निवासी रामगढ़ मोड़ कागदीवाड़ा ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी मेडिकल स्टोर पर ड्रग्स इंस्पेक्टर बनकर संचालकों को कार्रवाई का डर दिखाकर वसूली करते थे।

- **मेडिकल शॉप पर कार्रवाई की धमकी देते थे, छोड़ने के बदले रुपए की डिमांड करते थे**

26 मई की शाम करीब 7:30 बजे दोनों आरोपी वसूली के लिए गलता गेट स्थित मेडिकल स्टोर पर पहुंचे थे। संचालक को धमकाकर दुकान पर कार्रवाई नहीं करने के बदले 25 हजार रुपए की डिमांड की। इस संबंध में पीड़ित मेडिकल संचालक ने गलता गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को चिह्नित कर ढूंढ निकाला। पूछताछ में दोनों ने रुपए वसूलने के लिए धमकाना स्वीकार कर लिया।

एडिशनल डीसीपी नॉर्थ रानू शर्मा ने बताया कि वसूली के लिए पहले दोनों आरोपी मेडिकल स्टोर को चिह्नित करते थे। मेडिकल स्टोर पर इनमें से एक कस्टमर बनाकर जाता। दुकान पर मौजूद व्यक्ति से एमटीपी किट मांगता। एमटीपी किट मिलने पर मेडिकल स्टोर पर गया हुआ आरोपी अपने दूसरे साथी को इशारा कर बुला लेता। मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर दूसरा आरोपी अपने आप को ड्रग्स इंस्पेक्टर बताता और मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करने का डर दिखाता। कार्रवाई नहीं करने के बदले हजारों रुपए की डिमांड रखता। मेडिकल संचालक रुपए नहीं देने तक और अधिक डराने के लिए अपनी गाड़ी में बैठाकर अलग-अलग जगहों पर घुमाते रहते थे।

## राजस्थान विवि. में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं के परिणाम जारी हो चुके हैं। विद्यार्थियों की मार्कशीट भी स्कूलों में आनी शुरू हो गईं हैं। ऐसे में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय में एक से दस जून तक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके बाद पंद्रह जून को सभी करीब सात हजार सीटों के लिए एक साथ कटऑफ लिस्ट जारी की जाएगी।

# 9 माह के बच्चे का अपहरण

**जयपुर** । एयरपोर्ट इलाके में सोमवार को 9 महीने के बच्चे का अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि मजदूरी करने आए माता-पिता ने मासूम को पुलिया के नीचे बैठा रखा था। मासूम के गायब मिलने पर परिजनों ने बाइक सवार के उठा ले जाने का शक जताया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर शहरभर में अपहरण हुए मासूम को ढूंढने के लिए नाकाबंदी करवाई है। फिलहाल पुलिस की जांच पड़ताल चल रही है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके से स्थित सांगानेर चौराहा के पास पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। जहां एक दंपती अपने नौ महीने के बच्चे को लेकर मजदूरी करने आए थे। काम के दौरान दंपती ने बेलागास होटल के पास पुलिया के नीचे मासूम को खेलने छोड़ दिया। पति-पत्नी दोनों पुलिया निर्माण में मजदूरी का काम करने लगे। सोमवार शाम साढ़े चार बजे मासूम को संभालने पर गायब मिला। काफी ढूंढने के बाद भी बच्चे का पता नहीं चला। रोते-बिलखते परिजनों ने तुरंत पुलिस को नौ महीने के बेटे के अपहरण होने की सूचना दी। मासूम के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बच्चे के गायब होने से पहले बाइक सवार को घूमते देखा था। शक है कि बाइक सवार ही मासूम बेटे का अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने शहरभर में ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई है। इसके अलावा पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए बच्चे की तलाश में जुटी है।

# सेन्ट्रल गौरव टॉवर में 'हाउस ऑफ डेथ' सीज



**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर अग्निशमन टीम ने लगातार दूसरे दिन कार्रवाई कर मालवीय नगर स्थित (गौरव टॉवर) जी.टी. सेन्ट्रल स्थित "हाउस ऑफ डेथ" पर सीज की कार्यवाही की। जीटी सेन्ट्रल स्थित हाउस ऑफ डेथ गेंमिग जोन पर टीम ने एंन्ट्री, एग्जिट, फायर एनओसी है या नहीं, अग्निशमन उपकरण काम कर रहे है या नहीं सहित बिन्दुओं पर बारीकी से जांच की। इसके साथ ही अग्निशमन सुरक्षा के मानकों को भी परखा गया। गेम जोन में प्लाईवुड, कपड़ा, प्लास्टिक, रबड़ आदि के साथ ज्वलनशील पदार्थ का भी उपयोग किया जा रहा था। इसके साथ ही सुरक्षा उपकरणों में भी कमी पाई गई। टीम ने अग्निशमन यंत्र की भी जांच की गई, यह भी दुरूस्त नहीं मिला। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि जीवन महत्वपूर्ण है इसलिए अग्निशमन सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखकर गेंमिग जोन का संचालन किया जाना आवश्यक है। अग्निशमन सुरक्षा के मानकों का उल्लंघन करने पर गेंमिग जोन पर सीज की कार्यवाही की जायेगी। आगामी दिनों में भी निरन्तर गेंमिग जोनों का औचक निरीक्षण किया जायेगा और अग्निशमन सुरक्षा के मानकों को परखा जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त फायर सरिता मील, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौत्तमलाल, सहायक अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार यादव सहित अग्निशमन शाखा की टीम मौजूद रही।

# शुभ्रा सिंह ने जयपुरिया अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया

**जयपुर** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सोमवार को जयपुर के राजकीय जयपुरिया अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया और हीटवेव प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था समुचित नहीं मिलने पर नाराजगी जताई और अस्पताल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, दो नर्सिंग अधिकारियों को सीसीए नियम-17 के तहत नोटिस देने के निर्देश दिए।

सिंह सुबह करीब सवा नौ बजे अचानक जयपुरिया अस्पताल पहुंची और वहां अस्पताल के सभी कक्षों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लड बैंक में रक्त उपलब्धता एवं कम्प्यूटर में इन्वेंट्री चैक की। अधिकारियों से ब्लड बैंक संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और पारदर्शितापूर्वक रक्त की उपलब्धता एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल कार्मिकों की उपस्थिति भी जांची। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आईपीडी ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, रजिस्ट्रेशन काउंटर, आपातकालीन इकाई, टीकाकरण कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, बाल चिकित्सा कक्ष, पीआईसीयू, सर्जरी आईसीयू, एसएनसीयू, हीट स्ट्रोक वार्ड सहित सभी कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल में विभिन्न स्थानों पर कूलरों की संख्या बढ़ाने, आवश्यकतानुसार एसी एवं वाटर कूलर लगाने, छाया के लिए ग्रीन नेट लगाने के निर्देश दिए। साथ ही हीटवेव से संबंधित व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए निरन्तर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तात्कालिक आवश्यकताओं आरएमआरएस में उपलब्ध फंड तथा सीएसआर के माध्यम से तुरंत पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था समुचित नहीं मिलने पर सिंह ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल को कारण बताओ नोटिस दिया। सर्जिकल वार्ड शौचालयों साफ-सफाई सही नहीं मिलने पर नर्सिंग कर्मी अरविन्द शर्मा एवं एएनसी वार्ड के शौचालयों में साफ-सफाई नहीं मिलने पर नर्सिंगकर्मी तरूण लता को 17 सीसीए का नोटिस देने के निर्देश दिए।

- **साफ-सफाई में खामी मिलने पर अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया**

# सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की कई तकनीकें बताई




**जयपुर** । हैप्पी हार्ट फाउंडेशन की ओर से होटल जयपुर मैरियट में तीन दिवसीय "डिटॉक्सिफिकेशन होलिस्टिक वेलनेस साउंड हीलिंग रिट्रीट कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम वायु और ब्रह्माण्ड के तत्वों पर आधारित थी।

साउंड थेरेपी व होलिस्टिक वैलनेस के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वायु तत्व के महत्व को बताते हुए वायु के गुण जैसे पारदर्शिता, अनुकूलनशीलता और प्रवाह की सहायता से व्यक्तिगत विकास करने ,अपने व्यक्तित्व को अधिक आकर्षित बनाने और होलिस्टिक वैलनेस को अपने जीवन में लाये जाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने के लिए माइंडफुलनेस, योग और कॉन्ससियस ब्रीथिंग जैसी कई तकनीकों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का आयोजन हैप्पी हार्ट फाउंडेशन ट्रस्ट की चेयरपर्सन डॉ. अंजू शर्मा द्वारा किया गया था। डॉ. शर्मा साउंड एनर्जी मास्टर, लेखिका, और साउंड ऑफ इन्फिनिटी बैंड जो कि एशिया का पहला म्यूजिकल हीलिंग बैंड है, की संस्थापक हैं। डॉ. अंजू का लक्ष्य अपने फाउंडेशन के माध्यम से साउंड थेरेपी के माध्यम से लोगोंके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाना है।